दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र : 2018–19

पूर्व परीक्षा अभ्यास–पत्र

कक्षा : दसवीं — विषय : हिंदी

पाठ्यक्रम –स्पर्श –बडे भाई साहब, डायरी का एक पन्ना , मीरा के पद, कबीर की साखी ।

संचयन – हरिहर काका ।

व्याकरण – अपठित पद्यांश, समास (तत्पुरुष समास), मुहावरे ,प़त्र, अनुच्छेद ।

सामान्य निर्देश :–

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खण्ड–क (अपठित बोध)

प्र1) प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

सच है, विपत्ति जब आती है
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं,
उद्योग–निरत नित रहते हैं,
शूलों का मूल नसाते हैं,
बढ़ स्वयं विपत्ति पर छाते हैं।
है कौन विघ्न ऐसा जग में
टिक सके आदमी के मग में?
खम ठोंक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़,
मानव जब ज़ोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।

क) सूरमाओं की पहचान क्या है?

ख)	आदमी की सामर्थ्य का किस रूप में वर्णन किया गया है?

ग)	कविता से दो मुहावरे चुनकर वाक्य प्रयोग कीजिए।

प्र2)	क)	समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए :–

वृद्धाश्रम, जन्मजात, विश्वसंगठन

ख)	निम्नलिखित विग्रहयुक्त पदों के लिए समस्त पद लिखकर समास का नाम लिखिए :–

ईश्वर की इच्छा, घोड़े की सवारी

प्र3)	क)	रिक्त स्थान को उचित मुहावरों से पूरा करें :–

(i)	................व्यक्ति सारे संसार का प्रिय हो सकता है।

(ii)	रात को घर में घुसते ही पिता ने मोहित को ....।

प्र4)	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

(i)	'डायरी का पन्ना' कहानी के आधार पर कलकत्ता के नाम पर कलंक क्या था?

(ii)	लेखक द्वारा टाइमटेबल क्यों बनाया जाता था?

(iii)	पुलिस ने बड़े–बड़े पार्कों तथा मैदानों को क्यों घेर लिया था?

प्र5)	डायरी का एक पन्ना पाठ में ओपन लड़ाई किसे कहा गया है? यह अपूर्व क्यों थी? पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

प्र6)	(i)	मीरा हरि से अपनी कौन–सी पीड़ा को हरने की प्रार्थना करती है?

(ii)	कबीर ने विरह को सर्प क्यों कहा है?

(iii)	'चाकरी में दरसरण पास्यूँ सुमरण पास्यूँ खरची' का आश्य स्पष्ट कीजिए।

प्र7)	श्री कृष्ण के प्रति मीरा के प्रेम का जो स्वरूप उनके पदों में उभरता है उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

प्र8)	हरिहरकाका के ज़मीन लिखने के संदर्भ में गाँव का माहौल किस प्रकार बिगड़ गया था? आपकी समझ में काका और उनके भाइयों में से इस वातावरण के लिए किसे दोषी माना जाएगा?

प्र9)	प्रधानाचार्य को कक्षाध्यापक के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

प्र10)	दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर निम्नलिखित विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :–

क)	मेरा मनपसंद रियल्टी शो

संकेत बिंदु :–	(i)	रियल्टी शो के अर्थ

(ii)	विविध प्रकार के शो के नाम

(iii)	मनपसंद शो का नाम